**प्रेरणा**
झरनों से इतना मधुर संगीत कभी न सुनाई देता. अगर राहों में उनके पत्थर न होते..!

सच कहने की ताकत

साप्ताहिक समाचार पत्र

# जालंधर ब्रीज

जल है तो कल है

www.jalandharbreeze.com • JALANDHAR BREEZE • WEEKLY • YEAR-4 • 04 NOVEMBER TO 10 NOVEMBER 2022 • VOLUME-16 • PAGE-4 • RATE-3.00/- • RNI NO.: PUNHIN/2019/77863

Lic No : 933/ALC-4/LA/FN:1184
INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
CONSULTING DESIGN TRAINING
INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
ISO CERTIFIED 2015 COMPANY
✓ STUDY ✓ WORK ✓ SETTLE IN ABROAD
Low Filing Charges & *Pay Money after the visa
•IELTS •STUDY ABROAD
CANADA AUSTRALIA USA U.K SINGAPORE EUROPE
E-mail : hr@innovativetechin.com • Website : www.innovativetechin.com • FB/Innovativetechin • Contact : 9988115054 • 9317776663
REGIONAL OFFICE : S.C.O No. 10 Gopal Nagar, Near Batra Palace, Jal. HEAD OFFICE : S.C.O No. 21-22, Kuldip Lal Complex, Highway Plaza GT Road, Adjoining Lovely Professional University. Phagwara.
*T&C apply

# पाकिस्तान में रैली के दौरान फायरिंग में इमरान खान हुए घायल, दोषी गिरफ्तार

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के वजीराबाद में अपनी 'असली आजादी' रैली के दौरान गुरुवार को हुई फायरिंग में पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान के पैर में गोली लग गई। घटना जफराली खान चौक पर हुई। घटना में चार अन्य घायल भी हुए हैं। पाकिस्तान में इमरान खान अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ सरकार के खिलाफ रैली निकाल रहे थे, इसी दौरान उन पर किसी अज्ञात ने फायरिंग कर दी। इमरान खान के पैर पर गोली लगी है पर वह पूरी तरह से सुरक्षित हैं। उन्हें दूसरी गाड़ी में शिफ्ट करके अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया। पीटीआई नेता फवाद चौधरी ने कहा कि बदमाशों ने इमरान खान पर एके-47 से गोली चलाई। उन्होंने कहा कि यह एक 'लक्षित हमला' था। पूर्व मंत्री असद उमर के अनुसार, इमरान खान को लाहौर के अस्पताल



ले जाया गया।

घटना के तुरंत बाद, इमरान खान को कंटेनर से बुलेटप्रूफ वाहन में स्थानांतरित कर दिया गया। रैली के वीडियो में इमरान खान को ट्रांसफर करते हुए देखा जा सकता है। डॉन न्यूज टीवी ने गुरुवार को बताया कि अज्ञात हमलावरों ने वजीराबाद में अल्लाह हो चौक के पास पीटीआई अध्यक्ष इमरान खान के कंटेनर पर गोलियां चला दीं। पार्टी प्रमुख इमरान खान के कंटेनर के पास फायरिंग में पीटीआई नेता फैसल जावेद भी घायल हो गए।

पीटीआई नेता अजहर मशवानी ने कहा है कि पीटीआई प्रमुख इमरान खान सुरक्षित हैं जबकि अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस घटना के बाद इस्लामाबाद पुलिस ने कहा कि स्थिति अभी पूरी तरह से शांतिपूर्ण है और रेड जोन समेत इस्लामाबाद में यातायात बहार कर दी गई है।

### अल्लाह ने मुझे दूसरी जिंदगी बख्शी है : इमरान खान

घटना के बाद इमरान खान ने कहा कि अल्लाह ने मुझे ये दूसरी जिंदगी दी है। इंशाल्लाह मैं फिर वापसी करूंगा, लड़ाई जारी रखूंगा। जानकारी के लिए बता दें कि इमरान खान इस समय पाकिस्तान में आजादी मार्च निकाल रहे हैं। वे वर्तमान सरकार के खिलाफ सड़क पर लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। जब से तोशखाना मामले में इमरान दोषी पाए गए हैं, उनकी तरफ से आजादी मार्च की शुरुआत की गई है। इसी कड़ी में गुरुवार को भी उनके द्वारा आजादी मार्च निकाला गया था लेकिन इस बार वहां पर फायरिंग हुई जिसमें इमरान खान जख्मी हो गए। उनके अलावा पूर्व राज्यपाल इमरान इस्मेल भी इस गोलीबारी में घायल हुए हैं।

### क्यों प्रदर्शन कर रहे इमरान?

इमरान खान विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, वो 2018 का है। असल में पाकिस्तान चुनाव आयोग ने तोशखाना मामले में देश के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की संसद सदस्यता रद्द कर दी। खान पर आरोप है कि उन्होंने प्रधानमंत्री रहते हुए जो तोहफे लिए थे, उसके बारे में गलत जानकारी दी। असल में इमरान खान 2018 में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बने थे। उन्हें अरब देशों की यात्राओं के दौरान वहां के शासकों से महंगे गिफ्ट मिले थे। उन्हें कई यूरोपीय देशों के राष्ट्रप्रमुखों से भी बेशकीमती गिफ्ट मिले थे, जिन्हें इमरान ने तोशाखाना में जमा करा दिया था लेकिन इमरान खान ने बाद में तोशाखाना से इन्हें सस्ते दामों पर खरीदा और बड़े मुनाफे में बेच दिया. इस पूरी प्रक्रिया को उनकी सरकार ने बकायदा कानूनी अनुमति दी थी। आरोप लगा कि इमरान को कुल 5.8 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था।

## 15,000 रुपए रिश्वत लेते एएसआई रंगे हाथों काबू

• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़

पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने राज्य में भ्रष्टाचार के विरुद्ध चलाई मुहिम के दौरान आज थाना सिटी संगरूर में तैनात सहायक सब इंस्पेक्टर (ए. एस. आई.) मनजीत सिंह को 15,000 रुपए की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ़्तार कर लिया है। विजीलैंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि दोषी एएसआई को प्रितपाल सिंह निवासी संगरूर की शिकायत पर गिरफ़्तार किया गया है। शिकायतकर्ता ने विजीलैंस ब्यूरो के पास पहुँच करके दोष लगाया कि उक्त पुलिस मुलाज़िम उसके दोस्त गुरपियार सिंह को धमकी देकर उसके ख़िलाफ़ जबरन वसूली का केस दर्ज करने के लिए 20,000 रुपए रिश्वत देने की माँग कर रहा है।

प्रवक्ता ने आगे कहा कि इस शिकायत की पुष्टि करने के बाद विजीलैंस ब्यूरो की टीम ने जाल बिछाया और दोषी को दो सरकारी गवाहों की मौजुदगी में 15,000 रुपए की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों काबू कर लिया।

## रिश्वत मांगने वालों के नाम सार्वजनिक करो : भगवंत मान

*बोले- पराली के मसले पर पंजाब के किसानों को ज़िम्मेदार ठहराना गलत*

• जालंधर ब्रीज.समराला





राज्य को भ्रष्टचार से मुकम्मल तौर पर मुक्त करने के लिए अपनी वचनबद्धता को दोहराते हुए मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पंजाब निवासियों को काम करवाने के बदले रिश्वत मांगने वालों के नाम प्रसारित करने की अपील करते हुये कहा कि ऐसे भ्रष्ट तत्वों के के ख़िलाफ़ सरकार सख़्त से सख़्त कार्यवाही करेगी। आज यहाँ तहसील दफ्तर और सुविधा केंद्र का औचक दौरा करने के मौके पर पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुये भगवंत मान ने कहा कि भ्रष्टाचार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा और यदि काम करवाने के बदले रिश्वत लेने की शिकायत सामने आती है तो उसके ख़िलाफ़ सख़्त कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने रिश्वत मांगने वालों की शिकायत करने के लिए भ्रष्टाचार विरोधी एक्शन लाईन भी स्थापित की है और अब तक इस पर हासिल हुई शिकायतों के आधार पर भ्रष्टाचारियों के ख़िलाफ़ कार्यवाही की भी जा चुकी है।

सीएम ने लोगों को मुखातिब होते हुए कहा, ''मैं आपसे अपील करता हूं कि यदि कोई भी आपके पास से रिश्वत मांगता है तो तुरंत हमें बताओ। ऐसे रिश्वतखोरों के ख़िलाफ़ कार्यवाही करना हमारी ज़िम्मेदारी है। आपके सहयोग के साथ ही शासन को भ्रष्टाचार से मुकम्मल तौर पर मुक्त करना यकीनी बनाया जायेगा।'

## पार्टी से निलंबित किए जाने के बाद बीबी जगीर कौर ने कहा- वह पार्टी की वफादार सिपाही

• जालंधर ब्रीज.कपूरथला

शिरोमणि अकाली दल से निलंबित किए जाने के बाद बीबी जागीर कौर ने कहा कि वह पंथ और पार्टी की सेवक हैं और उन्होंने कभी भी पार्टी या पार्टी के किसी नेता के खिलाफ कोई बयान नहीं दिया। वह शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का चुनाव लड़ने के अपने स्टैंड पर कायम हैं। उन्होंने जो वादा किया था, उससे पीछे हटने का कोई सवाल ही नहीं है। पूरा खालसा पंथ उनके साथ है। अगर खालसा पंथ चाहे तो वह एक बार फिर पंथ की सेवा जरूर करेंगी। बीबी ने कहा कि वह अकाली दल के लिए जान लगा देंगी पर पार्टी और पंथ का सिर कभी नीचा नहीं होने देंगी। उन्होंने भाजपा से मिलीभगत के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि वह पार्टी



की वफादार सिपाही हैं। भाजपा में शामिल होने का तो सवाल ही नहीं उठता और न ही वह इस बारे में कभी सोच सकती हैं। गठबंधन करना पार्टी की जिम्मेदारी है...जो प्रधान करें मैं उनके साथ हूं।

बीबी जगीर कौर ने कहा कि बादल परिवार ने अकाली दल की बहुत सेवा की है और वे इस परिवार को अपना परिवार मानती हैं। पार्टी अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल बहुत मेहनती नेता हैं जिन्होंने पार्टी के लिए खून-पसीना बहाया है, वह हमेशा बादल परिवार के पक्ष में खड़ी हुईं है।

वहीं शिरोमणि अकाली दल के प्रधान सुखबीर बादल ने कहा कि वह बीबी जगीर कौर का दिल से सम्मान करते हैं। पर उन्हें यह चुनाव नहीं लड़ना चाहिए। अगर फिर भी वह ऐसा करती हैं तो अनुशासनिक कमेटी उनके खिलाफ कार्रवाई करेगी।

ज़िक्रयोग्य है कि अनुशासनिक कमेटी ने बुधवार को बीबी जगीर कौर को नोटिस जारी किया है और उनसे 48 घंटे के अंदर जवाब मांगा है। हालांकि इससे पहले पार्टी प्रधान सुखबीर बादल की अगुवाई में अकाली दल के वरिष्ठ नेताओं ने बैठक कर इस बारे में चर्चा की थी।

## गुजरात में दो पड़ाव में होंगे चुनाव, 8 दिसंबर को आएंगे परिणाम

**अहमदाबाद.** गुजरात विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान करने के लिए चुनाव आयोग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। गुजरात में चुनाव 2 फेज में होगा। पहले चरण की अधिसूचना को गुजरात में 5 नवंबर को जारी किया जाएगा। दूसरी अधिसूचना को 10 नवंबर को जारी किया जाएगा। गुजरात में विधानसभा के लिए मतदान एक दिसंबर और 5 दिसंबर को होगा और 8 दिसंबर को गुजरात विधानसभा के नतीजे घोषित किए जाएगें।

निर्वाचन आयोग ने कहा कि गुजरात विधानसभा चुनाव दो चरणों में होंगे। 89 सीटों के लिए मतदान एक दिसंबर को और 93 सीटों के लिए पांच दिसंबर को होगा। गुजरात में सभी 182 विधानसभा सीटों के लिए मतगणना आठ दिसंबर को होगा। निर्वाचन आयोग ने यह भी कहा कि गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए



182 सीटों पर 4.9 करोड़ से अधिक मतदाता कर सकेंगे मताधिकार का इस्तेमाल। गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए 51,000 से ज्यादा मतदान केंद्र निर्धारित, जिनमें 34,000 से ज्यादा ग्रामीण इलाकों में हैं।

सीईसी राजीव कुमार ने कहा कि गुजरात में 142 सामान्य, 17 एससी और 23 एसटी निर्वाचन क्षेत्र हैं। 4.9 करोड़ मतदाता मतदान करेंगे।

## हिमाचल में राज नहीं रिवाज बदलेगा, जेपी नड्डा ने कहा- ये अलटा-पलटी बिल्कुल नहीं

**शिमला :** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि ये डिजिटल इंडिया है, बढ़ता हुआ इंडिया है। हिमाचल प्रदेश का भी विकास तभी हुआ है जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार आई है। ये इसलिए बता रहा हूं कि सही नेतृत्व को आशीर्वाद मिलने से सही नतीजे आते हैं।

सलूणी में एक जनसभा में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि मोबाइल और इस्पात एवं स्टील बनाने में भारत दूसरे स्थान पर, सौर उर्जा बनाने में 5वें स्थान पर आ गया है। कोरोना की मंदी के दौरान भी भारत ब्रिटेन को पछाड़कर दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया। उत्तर प्रदेश में भाजपा ने 2022 में दोबारा से सरकार बनाई। उत्तराखंड भी हमने रिवाज बदल दिया। गोवा में



तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाई। मणिपुर में भी दोबारा भाजपा की सरकार बनाई और अब हिमाचल प्रदेश में भी राज नहीं रिवाज बदलेंगे।

आईटीआई सलूणी का भी काम चल रहा है। 45 करोड़ रुपए की पानी की स्कीम का भी काम चल रहा है। डलहौजी में 65 करोड़ रुपए की स्कीम अर्बन डेवलपमेंट के लिए भी काम हो रहा है। बनीखेत में डिग्री कॉलेज बन रहा है। कोरोना काल में मोदी जी ने 9 महीने के अंदर दो-दो वैक्सीन बनाकर, देश की जनता को डबल डोज लगाकर सुरक्षा कवच देने का काम किया। एक समय था, जब प्रधानमंत्री बोलते थे कि मैं 1 रुपया भेजता हूं लेकिन 85 पैसा न जाने कहां गायब हो जाता है। अभी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शिमला आए थे, उन्होंने एक बटन दबाया और किसानों के खाते में 2-2 हजार रुपए पहुंच गए। प्रधानमंत्री मोदी जी ने जिस तरीके से हिमाचल प्रदेश की चिंता की है, विकास का कार्य किया है। उसको हिमाचल की जनता भूलेगी नहीं। हिमाचल के लोगों ने इस बार तय कर लिया है कि राज नहीं, रिवाज बदलेंगे। ये अलटा-पलटी नहीं, जयराम जी के नेतृत्व में फिर हम विजय श्री होंगे और मोदी जी के नेतृत्व में हम आगे बढ़ेंगे।

## जालंधर नगर निगम शिकायत पोर्टल में पेंडिंग पड़ी हैं हजारों कंप्लेंट्स

# अब नव नियुक्त कमिश्नर से है जालंधरियों को उम्मीद

• जालंधर ब्रीज. विशेष रिपोर्टर

पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बने 7 महीने से ज्यादा का समय होने जा रहा है। परन्तु उनकी सरकार में नगर निगमों के हालात दिन-ब-दिन बद्तर होते जा रहे है।

इस बात कि चिंता पार्टी के विधायकों को भी सता रही है। इसका मुख्य कारण कुछ महीनों बाद नगर निगम में मेयर और पार्षदों के चुनाव होने जा रहे हैं ऐसे में लोगों को मूलबूत सुविधाएं देने संबंधी नगर निगम अधिकारी विफल साबित हो रहे हैं। जालंधर नगर निगम में कमिश्नर पद पर तैनात तीन आईएएस अधिकारियों का तबादला पिछले 6 महीनों के अंदर हो चुका है।



अभिजीत कपलीश

जिक्रयोग्य है कि कुछ दिन पहले ट्रांसफर हुए निगम कमिश्नर पर अपना पेन सरकारी फाइलों पर न चलाने के आरोप भी कई पार्षदों और निगम यूनियन के नेताओं द्वारा लगाए गए थे। पिछले लम्बे समय से नगर निगम जालंधर में स्वच्छ भारत मिशन स्मार्ट सिटी के अंतर्गत किए जा रहे कार्य और बिल्डिंग ब्रांच के कारण नगर निगम जालंधर लोगों के लिए चर्चा का विषय बनी हुई है और अभी तक कोई भी कमिश्नर इन विभागों को बढ़िया तरीके से संभाल नहीं पाया है।

आज नगर निगम में हजारों शिकायतें गंदे पानी, ख़राब स्ट्रीट लाइट, जगह-जगह टूटी सड़कों संबंधी कंप्लेंट नगर निगम के शिकायत पोर्टल पर पेंडिंग पड़ी है। अब इन सब को हल करने के लिए अधिकारी स्टाफ की कमी का हवाला देकर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं। सरकार द्वारा यहां अब यंग आईएएस अभिजीत कपलीश को नगर निगम कमिश्नर पद पर तैनात किया गया है और उन्हें नगर निगम में कई चुनौतियों का सामना आते ही करना पड़ेगा। इसमें मुख्य मुद्दा यूनियन की मांगों को सरकार से किस तरह पूरा करवाना और रुके हुए स्मार्ट सिटी के कार्यों को दोबारा गति देकर जालंधर को स्मार्ट सिटी बनाने के लक्ष्य को पूरा करना उनके लिए पहली चुनौती होगी।

अब आने वाले दिनों में देखना होगा कि क्या नए नियुक्त नगर निगम जालंधर के कमिश्नर लोगों को मुलभूत सुविधाएं दिलवा पाएंगे या कुछ ही महीनों बाद अपना ट्रांसफर करवा कर जालंधर शहर को उसके हालात पर छोड़ अगले जिले में चले जाएंगे।



हालात-ए-नगर निगम जालंधर

क्या नगर निगम का मौजूदा कमिश्नर भी बदली करवाना चाहता है ?

• जालंधर ब्रीज.



जालंधर ब्रीज के पिछले अंक में प्रकाशित खबर की कटिंग

# विश्व की सबसे ऊंची शिव प्रतिमा 'विश्वास स्वरूपम्' का लोकार्पण

*राजस्थान में श्रीजी की धरा नाथद्वारा-राजसमंद में संत कृपा सनातन संस्थान की ओर से 29 अक्टूबर से 6 नवंबर तक आयोजित होने वाले विश्वास स्वरूपम लोकार्पण महोत्सव का आगाज शनिवार (29 अक्टूबर) को हो गया।*

• **जालंधर ब्रीज.** फीचर




दुनिया की सबसे ऊंची शिव प्रतिमा बनकर तैयार हो गई है। पिछले दिनों यानी शनिवार को उसका लोकार्पण समारोह शुरू होने जा रहा है। राजस्थान में राजसमंद जिले के नाथद्वारा में बनी शिव प्रतिमा की ऊंचाई 369 फीट है, जिसे विश्वास स्वरूपम नाम दिया गया है।

दुनिया की सबसे ऊंची शिव प्रतिमा बनकर तैयार हो गई है। यानी शनिवार को उसका लोकार्पण समारोह शुरू हो गया। राजस्थान में राजसमंद जिले के नाथद्वारा में बनी शिव प्रतिमा की ऊंचाई 369 फीट है, जिसे विश्वास स्वरूपम नाम दिया गया है।

बता दें कि प्रतिमा को बनाने में 10 साल का समय लगा है। इसे दुनिया की टॉप-5 ऊंची प्रतिमाओं में स्थान मिला है। इसे संत कृपा सनातन संस्थान द्वारा तैयार किया गया है। लोकार्पण समारोह 29 अक्टूबर से शुरू होकर 6 नवंबर तक चलेगा और इसकी शुरूआत मुरारी बापू की राम कथा से हुई।

नाथद्वारा की गणेश टेकरी पर बनी यह प्रतिमा 51 बीघा की पहाड़ी पर बनी है। इस प्रतिमा में भगवान शिव ध्यान एवं अल्लड़ की मुद्रा में विराजित हैं। प्रतिमा की ऊंचाई इतनी है कि जो कई किलोमीटर दूर से ही नजर आने लग जाती हैं। रात में भी यह प्रतिमा स्पष्ट रूप से दिखाई दे, इसके लिए विशेष लाइट्स की व्यवस्था भी की गई है।

**ऐसे बनी दुनिया की सबसे ऊंची शिव मूर्ति...**

369 फीट ऊंची इस प्रतिमा के विश्व की सबसे ऊंची शिव प्रतिमा बनने की कहानी भी दिलचस्प है। रिपोर्ट के अनुसार,



जब साल 2012 में इस प्रतिमा को बनाने का प्लान तैयार हुआ तो इसकी ऊंचाई 251 फीट रखने की योजना बनाई गई। लेकिन बाद में निर्माण के दौरान इसकी ऊंचाई 351 फीट तक पहुंच गई। इसके बाद शिव की जटा में गंगा की जलधारा लगाने की योजना बनाई गई, तो इसकी ऊंचाई 369 फीट तक पहुंच गई।

इस प्रतिमा में लिफ्ट, सीढ़ियां, हॉल आदि भी बनाए गए हैं। निर्माण के दौरान 3000 टन स्टील और लोहा, 2.5 लाख क्यूबिक टन कंक्रीट और रेत का इस्तेमाल हुआ है। 250 किमी रफ्तार से चलने वाली हवाएं भी मूर्ति को प्रभावित नहीं करेगी। स्टैच्यू ऑफ बिलीफ' की कल्पना



मिराज ग्रुप, उदयपुर के चेयरमैन श्री मदन पालीवाल ने की थी। इस अवधारणा को आगे स्टूडियो माटुराम आर्ट द्वारा विकसित किया गया था जिसने 351 फीट ऊंची मूर्ति को डिजाइन किया था, जबकि संरचनात्मक डिजाइन स्केलेटन कंसल्टेंट्स द्वारा प्रदान किया गया था और काम साल 2016 की शुरुआत में शुरू हुआ था।

**दुनिया की 5 सबसे ऊंची शिव प्रतिमाएं...**

- विश्वास स्वरूपम, राजस्थान- 369 फीट
- कैलाशनाथ महादेव मंदिर, नेपाल- 143 मीटर
- मरूद्वेश्वर मंदिर, कर्नाटक- 123 मीटर
- आदियोग मंदिर, तमिलनाडु- 112 मीटर
- मंगल महादेव, मारीशस- 108 मीटर

GLOWING+ SKIN

## चेहरे पर चाहिए बेहतरीन चमक तो करें इस छिलके का इस्तेमाल

***चेहरे की शीशे सी चमकती त्वचा हर लड़की की चाहत होती है। लेकिन दाग-धब्बे और डलनेस की वजह से मुमकिन नहीं हो पाता। अगर आप चाहती हैं कि चेहरे पर चमक नेचुरल तरीके से बनी रहे। तो संतरे के छिलके का इस्तेमाल करें। सर्दियों का मौसम आते ही रूखी त्वचा परेशान करने लगती है। जिससे छुटकारा पाने के लिए आप संतरे का छिलका इस्तेमाल में लाएं। वैसे भी रूखी त्वचा के लिए संतरे का छिलका बेहद असरदार होता है। तो चलिए जानें कैसे निखरी और शीशे सी दमकती त्वचा के लिए इस छिलके को इस्तेमाल में लाएं।***



संतरे को खाने के बाद इसके छिलके को फेंके नहीं बल्कि इसे सुखा लें। जब ये अच्छी तरह से सूख जाए तो इसका पाउडर बनाकर रख लें। संतरे में विटामिन सी काफी मात्रा में होता है जो स्किन के लिए बेहद जरूर होता है। रूखी त्वचा के लिए संतरे के छिलके का पैक बनाने के लिए एक चम्मच छिलके का पाउडर लें। साथ में शहद और छोटा चम्मच दूध भी लें। इन सारी चीजों को मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाएं। ये नेचुरल स्क्रब है। इसे हल्के हाथों से मसाज करते हुए चेहरे को साफ करें। दो से तीन मिनट बाद पानी से चेहरा धो लें।



अगर आपकी त्वचा तैलीय है तो संतरे के छिलके के पाउडर को एलोवेरा जेल और नींबू के रस में मिलाकर चेहरे पर लगाएं। ये नेचुरल स्क्रब तैलीय त्वचा पर असरदार रहता है। चेहरे को स्क्रब कर साफ पानी से चेहरा धो लें। ये नेचुरल स्क्रब चेहरे को मॉइश्चराइज भी करता है। हालांकि चेहरा धोने के बाद लाइट मॉइश्चराइजर जरूर लगाएं।



टैनिंग चेहरे से हटानी हो तो एक चम्मच संतरे के छिलके के पाउडर को हल्दी में मिलाएं। इसे शहद के साथ मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को चेहरे और गर्दन पर लगाएं। करीब पांच से दस मिनट बाद चेहरे को साफ कर लें। ध्यान रहे कि अगर चेहरे पर एक्ने हो तो इस फेसपैक को ना लगाएं।

## लंच में बनाएं मशरूम मंचूरियन, फैमिली को पसंद आएगा स्वाद

अगर आप भी अपने फैमिली को कुछ स्वादिष्ट पकवान खिलाना चाहती हैं, तो मशरुम मंचूरियन बना सकती हैं। अगर फैमिली को चाइनीज खाने का शौक है तो मशरुम मंचूरियन भी उसे जरूर पसंद आएगा।



**मशरूम मंचूरियन बनाने की सामग्री-**

बैटर के लिए चाहिए आधा कप मैदा, तीन चम्मच कॉर्नफ्लोर, अदरक-लहसुन का पेस्ट, आधा चम्मच काली मिर्च, सोया सॉस. आधा कप पानी। 250 ग्राम मशरूम, हरे प्याज बारीक कटे हुए, हरी मिर्च बारीक कटी हुई, दो लहसुन की कलियां बारीक कटी हुई, अदरक बारीक कटा हुआ, काली मिर्च का पाउडर, सोया सॉस, शिमला मिर्च टुकड़ों में कटा हुआ।

**मशरूम मंचूरियन बनाने की विधि-**

सबसे पहले बैटर बनाकर तैयार कर लें। इसके लिए किसी कटोरी में बैटर के सारे मिश्रण को निकाल लें। मैदा, कॉर्नफ्लोर को मिक्स करें। इसमे अदरक-लहसुन का पेस्ट डालें। साथ में काली मिर्च का पाउडर और सोया सॉस मिलाकर पानी डालें। घोल को ना ज्यादा पतला करें और ना ही ज्यादा गाढ़ा। मशरूम को अच्छी तरह से पोंछ लें। कड़ाही में तेल गर्म करें तलने के लिए। अब मशरूम को बैटर में डुबोकर गर्म तेल में डालें। मघ्यम आंच पर सुनहरा होनें तक तलें। सारे मशरूम को तलकर एक किनारे रख लें।

अब दूसरी कड़ाही या पैन में तेल गर्म करें। इसमे प्याज के टुकड़े डालकर भूनें। जब ये सुनहरे रंग के हो जाएं तो इसमे हरे प्याज के कटे हुए पत्ते, हरी मिर्च, अदरक, लहसुन सारे कटे हुए डाल दें। इन सारी चीजों को धीमी आंच पर भूनने के बाद इसमे काली मिर्च का पाउडर, नमक और थोड़ी सी चीनी डालें। साथ में सोया सॉस भी डाल दें। अगर आप ग्रेवी वाला मंचूरियन चाहते हैं तो थोड़ा सा पानी डालकर ढंक दें। जब पानी पककर गाढ़ा हो जाए तो इसमे तले हुए सारे मशरूम डालें।

अच्छी तरह से मिक्स कर करीब तीन से चार मिनट ढंककर पकाएं। बस तैयार है स्वादिष्ट मशरूम मंचूरियन। इसे चाहे नूडल्स या फिर राइस के साथ गर्मागर्म परोसें।

## पार्टनर को दें सकते हैं ये चार गिफ्ट, रिश्ते में आएगी मिठास

***अगर आप अपने पति या बॉयफ्रेंड को गिफ्ट देना चाहती हैं तो तोहफे में कुछ ऐसा दें, जो उनके काम का भी हो और हर वक्त उनके साथ हो। ताकि जब भी वह आपके गिफ्ट को देखें तो आपकी याद उन्हे आ जाए।***

GIFT+



**वॉलेट :** लगभग हर लड़का वॉलेट का इस्तेमाल करता है। आपके पार्टनर को आप वॉलेट गिफ्ट करें। वैसे तो वॉलेट एक आम गिफ्ट है, लेकिन इसे आप खास बना सकती हैं। वॉलेट में आप कोई नोट या आप दोनों की तस्वीर को रख कर दे सकती हैं। लक के लिए उसमें एक क्वाइन या नोट जरूर रख दें।



**वॉच :** अधिकतर लड़कों को वॉच पसंद होती है। वॉच उनके लुक को स्टाइल देती है और जरूरत को भी पूरा करती है। आप उन्हें वॉच गिफ्ट कर सकती हैं। चाहें तो कपल वॉच खरीदें, ताकि दोनों कई मौकों पर एक दूसरे के प्रति अपने प्यार को फ्लॉन्ट कर सकें।



**की-चेन :** लड़कों को की-चेन की जरूरत होती ही है। बाइक, कार या अन्य जरूरी चाबियों को रखने के लिए उन्हें की-चेन की जरूरत होती है। इसे भी लड़के लगभग हर समय अपने पास रखते हैं। आप अपने पार्टनर को की-चेन तोहफे में दे सकती हैं।



**आउटिंग :** अक्सर लड़के ही आपको डेट पर ले जाते हैं। इस न्यू ईयर आप उन्हे अपने इस गिफ्ट से सरप्राइज कर सकती हैं। आप अपने बॉयफ्रेंड या पति को डेट पर बाहर ले जा सकती हैं। आउटिंग का प्लान करें। उनकी मनपसंद जगह जाएं। उन के लिए वह मोमेंट किसी प्यारे से गिफ्ट से कम नहीं होगा।

## करी पत्ते को बालों में इन दो तरीके से लगाएं, बाल होंगे मजबूत और चमकदार

BEAUTY+



करी पत्ते का प्रयोग तो कई बार किया होगा। खाने में तड़का लगाने के साथ ही करी पत्ते को सुंदरता बढ़ाने के लिए भी इस्तेमाल किया जाता है। खासतौर पर बालों को मजबूत और घना बनाने के साथ ही करी पत्ता शाइनी भी बनाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि करी पत्ते को आयुर्वेद में औषधि का दर्जा दिया गया है। करी पत्ते में एंटी ऑक्सीडेंट्स और प्रोटीन भरपूर मात्रा में होते हैं। जो फ्री रेडिक्लस को कम करते हैं। जिससे बाल मजबूत और स्वस्थ बने रहते हैं। अगर आप बालों के झड़ने और पतले होने से परेशान हैं तो महंगे केमिकल वाले प्रोडक्ट की बजाय करी पत्ते को इस्तेमाल में लाएं। करी पत्ते को हेयर मास्क या फिर तेल में मिलाकर बालों में लगाएं।

### *ऐसे बनाएं हेयर मास्क*

करी पत्ते का हेयर मास्क बनाकर बालों में लगाने से बाल घने और मजबूत होते हैं। साथ ही बालों में नेचुरली चमक भी आती है। हेयर मास्क बनाने के लिए करी पत्ते को पीसकर पेस्ट बना लें। फिर इस पेस्ट को दही में मिला लें। इस हेयर मास्क को बालों की स्कैल्प और निचले सिरों तक लगाएं। हल्के हाथों से मसाज करें और आधे घंटे के लिए छोड़ दें। फिर बालों को शैंपू से धो लें। सप्ताह में एक दिन इस हेयर मास्क को लगाने से बाल चमकदार और मजबूत होते हैं।

करी पत्ते का मास्क लगाने से ये जड़ों की डेड स्किन को हटाता है। साथ ही डैंड्रफ को भी साफ करता है और बालों की जड़ों को हाइड्रेट करता है। जिससे बाल खूबसूरत और बाउंसी दिखने लगते हैं।

करी पत्ते से बनाएं बालों के लिए टॉनिक

बालों को मजबूत करने के लिए करी पत्ते को टॉनिक की तरह इस्तेमाल करें। करी पत्ते को नारियल के तेल में मिलाकर लगाने से बालों का झड़ना कम होता है।

कुछ करी पत्तों को लेकर पैन में रखें। फिर इसमे नारियल का तेल मिलाएं। फिर इसे गैस पर पकाएं। जब तेल में पत्तियां पक जाएं तो गैस बंद कर दें। तेल ठंडा हो जाए तो इसे छानकर किसी शीशी में रख लें। बस तैयार है बालों का टॉनिक। इसे स्कैल्प पर लगाएं और हल्के हाथों से मसाज करें। करीब एक घंटे तक लगा रहने दें और शैंपू से धो लें। सप्ताह में दो से तीन बार इसे लगाने से बालों में फर्क अपने आप दिखने लगेगा।



## आंखों में चुभन, सीने में जलन, आईसीयू में ले जा रही दिल्ली की खराब हवा

• **जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में सर्दियों की आहट के साथ ही वायु प्रदूषण का लेवल भी तेजी से बढ़ा है। दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा, गुरुग्राम और फरीदाबाद समेत एनसीआर के शहरों में एयर क्वॉलिटी इंडेक्स का स्तर बेहद गिर गया है। इसके चलते लोगों को



स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और ऐसे लोगों की भी बड़ी संख्या है, जिन्हें अस्पतालों में एडमिट होना पड़ा है। मेदांता अस्पताल के चेस्ट सर्जरी इंस्टिट्यूट के चेयरमैन डॉ. अरविंद कुमार ने भी इस बात की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि एयर क्वॉलिटी इंडेक्स खराब होने के चलते लोगों की आंखों में जलन हो रही है। आंखें लाल हो जा रही हैं और अकसर पानी बहता रहता है। इसके अलावा नाक में भी जलन हो रही है और ओठों पर भी असर हो रहा है। प्रदूषित हवा फेफड़ों से होते हुए रक्त में पहुंचती है और फिर सिर से लेकर तलवे तक यह पहुंच जाती है। हम कह सकते हैं कि इस प्रदूषण से शरीर का हर अंग प्रभावित हो रहा है। यही नहीं मेदांता के डॉक्टर ने कहा कि बीते कुछ दिनों में प्रदूषण के चलते अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या में भी तेजी से इजाफा हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां आईसीयू में लोग चेस्ट इंफेक्शन और निमोनिया से पीड़ित होकर भर्ती हो रहे हैं। यह सबूत है कि किस तरह से प्रदूषण का स्तर तेजी से बढ़ रहा है। चेस्ट इंफेक्शन और निमोनिया से पीड़ित होकर आईसीयू में भर्ती होने वाले लोगों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। उन्होंने कहा कि इससे दिमाग पर भी असर पड़ रहा है और बच्चों के चिड़चिड़े होने का खतरा है। वहीं बुजुर्ग लोगों में इस पलूशन के चलते स्ट्रोक का खतरा 10 गुना तक बढ़ सकता है।

# ग्रुप केन्द्र केरिपुबल जालंधर द्वारा अन्तर सेक्टर फुटबाल टूर्नामेंट-2022 का शुभारम्भ के उपलक्ष में भव्य समारोह

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर

केन्द्र केरिपु बल जालंधर में अन्तर सेक्टर फुटबाल टूर्नामेंट की शुरूआत एक भव्य समारोह द्वारा की गई। इस समारोह में गुरशक्ति सिंह सोढ़ी उप महानिरीक्षक, ग्रुप केन्द्र जालंधर मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित थे। इस भव्य समारोह में मनीष कुमार मीणा, कमाण्डेंट 114 बटालियन, बृज लाल, कमाण्डेंट 245 बटालियन, जतिन्दर पाल सिंह, कमाण्डेंट ग्रुप केन्द्र जालंधर, वशिष्ट अतिथीगण, मीडिया बन्धुओं, अधिनस्थ अधिकारीगण तथा दर्शक उपस्थित थे। इस टूर्नामेंट में केरिपु बल के 21 सेक्टरों की टीमें भाग ले रही हैं। इस टूर्नामेंट का आयोजन दिनांक 01 नवम्बर से 06 नवम्बर 2022 तक किया जाएगा।

समारोह स्थल को बड़े ही सौम्य तरीके से सजाया गया था जो प्रत्येक के मन को लुभा रही थी। मुख्य अतिथि गुरशक्ति सिंह सोढ़ी उप महानिरीक्षक, ग्रुप केन्द्र जालंधर ने इस शुभ अवसर पर सभी खिलाड़ियों से आशा जताई कि सभी टीमें पूर्ण उत्साह से इसमें भाग लेंगी और अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ-साथ उच्च दर्जे के अनुशासन व खेल भावना का भी उदाहरण प्रस्तुत करेंगी। इसमें भाग लेने वाली सभी टीमों को गुरशक्ति सिंह सोढ़ी, उप महानिरीक्षक, ग्रुप केन्द्र जालंधर ने एक बार पुनः शुभ आशीष दी तथा अन्तर-सेक्टर फुटबाल टूर्नामेंट-2022 के शुभारम्भ की विधिवत घोषणा की।

शुभारम्भ मैच पश्चिमोत्तर सेक्टर तथा पश्चिम बंगाल सेक्टर की टीमों के मध्य खेला गया, जिसे पश्चिम बंगाल सेक्टर की टीम ने 1-0 के गोल से विजय रही।











# चीन में दुनिया के सबसे बड़े आईफोन प्लांट के आसपास कोरोना लॉकडाउन, कंपनी से भाग खड़े हुए कर्मचारी

*चीन में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों ने एक बार फिर से मुसिबत में डाल दिया है। शंघाई समेत कई शहरों में लॉकडाउन के बाद अब दुनिया के सबसे बड़े iPhone प्लांट के आसपास लॉकडॉउन लगा दिया है।*

• **जालंधर ब्रीज.** वर्ल्ड न्यूज

चीन में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों ने शहरों को एक बार फिर से लॉकडाउन की ओर से धकेल दिया है। चीनी अधिकारियों ने बुधवार को झॉन्गझॉय शहर में स्थित दुनिया के सबसे बड़े iPhone प्लांट के आसपास के क्षेत्र में लॉकडाउन लगा दिया है। जिसकी वजह से करीब 6 लाख लोग पूरी तरह से कोरोना पाबंदियों में कैद हो गए हैं। वहीं, प्लांट के कुछ कर्मचारी पाबंदियों से बचने के लिए भाग खड़े हुए हैं।

चीन के अधिकारियों ने कहा कि कोविड रोकथाम में लगे लोगों को छोड़कर और जरूरी काम पर लगे श्रमिकों को छोड़कर सभी लोगों को कोरोना टेस्टिंग और मेडिकल इमरजेंसी के अलावा किसी को भी अपने घरों से बाहर नहीं निकलने की निर्देश दिया गया है। चीनी अधिकारियों की ओर से इस इलाके में पूरी तरह से लॉकडाउन लगाने का फैसला उसके बाद लिया गया है जब कुछ लोग पाबंदियों को तोड़ते हुए नजर आए थे। कंपनी के कुछ कर्मचारियों ने कोरोना रोकथाम के लिए खराब व्यवस्था की शिकायत भी की थी।

**कोरोना के नए वैरिएंट ने भी बढ़ाई है टेंशन :** चीन में जीरो कोविड पॉलिसी लागू हुई है। हालांकि, कोरोना वायरस को रोकने में चीन की



यह पॉलिसी अभी तक ज्यादा कारगर साबित नहीं हुई है। कोरोना वायरस के नए वैरिएंट ने चीन की टेंशन और बढ़ा दी है। झॉन्गझॉय शहर के अधिकारियों ने बुधवार को कुछ प्रमुख कंपनियों में काम कर रहे लोगों को छोड़कर सभी कर्मचारियों को घर से काम करने का निर्देश दिया है।

**निवासियों को हर दिन न्यूक्लिक एसिड टेस्ट जरूरी :** नए आदेश के मुताबिक जिले के 6 लाख से अधिक निवासियों को हर दिन न्यूक्लिक एसिड टेस्ट करना होगा। स्थानीय प्रशासन ने लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर कोई नियमों का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ सख्ती से कार्रवाई होगी। इससे पहले चीन में जीरो-कोविड नीति के तहत शंघाई सहित दर्जनों शहरों में पूर्ण लॉकडाउन लगाया गया था जिसके कारण लोग कई सप्ताह तक अपने घरों में बंद रहने को मजबूर हो गए थे।

## यूक्रेन युद्ध के बीच बीमार हुए रूसी राष्ट्रपति? पुतिन के हाथ पर दिख रहे रहस्यमयी काले निशान



*रिचर्ड डैनट ने स्काई न्यूज पर एक कार्यक्रम के दौरान पुतिन के स्वास्थ्य के मुद्दे के बारे में बात की। उन्होंने आउटलेट को बताया कि यह दर्शाता है कि रूसी राष्ट्रपति कितने स्वस्थ हैं - या नहीं हैं।*

• **जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की सेहत एक बार फिर से चर्चा में है। इसके पीछे की वजह कुछ तस्वीरें हैं जिनमें पुतिन के हाथ पर अजीब तरह के निशान देखे गए हैं। ब्रिटेन स्थित एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के अनुसार, पुतिन के हाथों पर अजीब निशान और रंग दिखाती तस्वीरें ऑनलाइन जारी हुई हैं। ऑनलाइन कई यूजर्स ने दावा किया कि यह एक अंतःशिरा (IV) ट्रैक मार्क यानी इंजेक्शन लगाने के निशान है। सेवानिवृत्त ब्रिटिश सेना अधिकारी और हाउस ऑफ लॉर्ड्स के सदस्य रिचर्ड डैनट ने स्काई न्यूज पर एक कार्यक्रम के दौरान पुतिन के स्वास्थ्य के मुद्दे के बारे में बात की। उन्होंने आउटलेट को बताया कि यह दर्शाता है कि रूसी राष्ट्रपति कितने स्वस्थ हैं - या नहीं हैं।

लॉर्ड डैनट ने आउटलेट को बताया, "मामले को जानने के उत्सुक लोग अब देख रहे हैं कि उनके (पुतिन के) हाथ ऊपर से काफी काले दिख रहे हैं। यह इस बात का संकेत है कि वे शरीर के अन्य हिस्सों में इंजेक्शन नहीं ले सकते हैं।" उन्होंने कहा, "यह ध्यान रखना दिलचस्प है, कि क्या वह उतने ही फिट हैं जितना की वे दिखावा करते हैं। यह एक दिलचस्प मामला है जिस पर नजर रखी जा सकती है।"

ब्रिटेन के पूर्व चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ, लॉर्ड डैनट ने कहा कि पुतिन गंभीर बीमारी से पीड़ित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमने महीनों पहले ही इस बात का संकेत दिया था कि पुतिन की सेहत ठीक नहीं है वो बीमार हैं। वैसे रूस बार बार दावा करता रहा है कि पुतिन अच्छे स्वास्थ्य में हैं। लेकिन फिर भी लंबे समय से संदेह है कि रूसी राष्ट्रपति कैंसर या पार्किंसंस जैसी बीमारी से पीड़ित हैं। पिछली रिपोर्टों ने यह भी सुझाव दिया था कि नेता के हाथों पर 'इंजेक्शन के निशान' थे। यह सुझाव देता है कि उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है और उन्हें बोलतें चढ़ाई जी रही हैं।

कुछ महीने पहले, एक अमेरिकी खुफिया रिपोर्ट ने दावा किया था कि पुतिन "कैंसर" से पीड़ित हो सकते हैं। आकलन में यह भी कहा गया है कि रूसी राष्ट्रपति इस साल मार्च में एक हत्या के प्रयास में बाल-बाल बचे थे। पुतिन इस महीने की शुरुआत में 70 वर्ष के हो गए। उनके जन्मदिन पर उनके स्वास्थ्य के लिए खूब प्रार्थनाएं हुई थीं। यूक्रेन युद्ध के बीच पुतिन के हाथ पर ताजा काले निशान चौंकाने वाले हैं।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को आर्मीनिया और अजरबैजान के नेताओं की मेजबानी की, ताकि पूर्व सोवियत संघ के दोनों पड़ोसियों के बीच लंबे समय से जारी टकराव के समाधान की कोशिश की जा सके। शांति वार्ता ऐसे वक्त हुई है जब रूस की सेना ने नौवें महीने में प्रवेश कर चुके यूक्रेन युद्ध में उसके महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने के अपने अभियान को तेज कर दिया है।

## सरकारी स्कूलों के छात्रों के लिए खास योजना शुरू

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

पंजाब के स्कूल शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने मंगलवार को पंजाब स्कूल शिक्षा विभाग के बिजनेस ब्लास्टर यंग



इंटरप्रेन्योर स्कीम का उद्घाटन किया। बैंस ने कहा कि जहां हमें पंजाब के शिक्षा मॉडल को पूरी दुनिया की अपेक्षा बेहतर बनाना है, वहीं हम यह भी सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमारे सरकारी स्कूलों में पढ़े विद्यार्थी 12वीं करने के बाद यह न सोचें कि अब मैं क्या करूं ? उन्होंने कहा कि पंजाब के सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे विद्यार्थी अब रोजगार मांगने वाले नहीं बल्कि रोजगार प्रदाता बनेंगे।

छात्रों के इसी सवाल को खत्म करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने बिजनेस ब्लास्टर यंग इंटरप्रेन्योर स्कीम शुरू करने का फैसला लिया है। इस स्कीम को 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए शुरू किया गया है और पहले चरण में नौ जिलों अमृतसर, जालंधर, लुधियाना, पटियाला, संगरूर, होशियारपुर, फिरोजपुर, रोपड़ और मोहाली के 31 स्कूलों में इसे शुरू किया जाना है।

अगले शैक्षिक सत्र से राज्य के सभी स्कूलों में लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस स्कीम के अंतर्गत पहले बच्चों से उनकी व्यापारिक प्रस्ताव मांगे जाएंगे और फिर उन व्यापारिक प्रस्तावों को स्थापित उद्योगपतियों के साथ विचारा जाएगा। जो व्यापारिक प्रस्ताव उचित पाया जाएगा उसके लिए आठ विद्यार्थियों का एक ग्रुप बना कर उनको पूरा मार्गदर्शन देते हुए प्रत्येक सदस्य को 2,000 रुपये दिए जाएंगे। विद्यार्थी इस पैसे को अपने व्यापारिक प्रस्ताव को सफल बनाने में लगाएंगे। इस मौके पर स्कूल शिक्षा विभाग के महानिदेशक वरिंदर कुमार शर्मा, डीपीआई पंजाब कुलजीतपाल सिंह माही और निदेशक एससीआरटी मनिंदर सिंह सरकारिया और कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## हिमाचल में ये 21 नेता बढ़ा रहे भाजपा की टेंशन, जिताऊ सीटों पर भी बिगड़ सकता है खेल



• **जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली

हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव की तारीख करीब आ रही है और उम्मीदवारों की ओर से नामांकन वापस लेने का समय खत्म हो चुका है। इसके साथ ही चुनाव की तस्वीर भी साफ हो चुकी है कि किन उम्मीदवारों के बीच मुकाबला होना है। इस बीच भाजपा 68 सीटों वाले राज्य में 21 सीटों पर बागियों से ही घिरी दिख रही है। पार्टी की ओर से तमाम कोशिशें की गईं ताकि बागियों को मनाया जा सके। कुल्लू से महेश्वर सिंह और धर्मशाला से अनिल चौधरी जैसे नेताओं को मनाकर बिठा भी लिया गया। इसके बाद भी देहरा, इंदौरा, मंडी और हमीरपुर जैसी सीटों पर बागी भाजपा को टेंशन दे रहे हैं।

ऐसी कुल 21 विधानसभा सीटें हैं, जहां से बागियों ने चुनाव लड़ने का दम भरा है। इनमें से एक सीट बंजार की भी है, जहां से महेश्वर सिंह के बेटे हितेश्वर सिंह बागी होकर उतरे हैं। खुद महेश्वर सिंह चुनाव में नहीं हैं, लेकिन बेटे बागी के तौर पर सामने हैं। इसके अलावा आनी से विधायक किशोरी लाल सागर, देहरा से विधायक होशियार सिंह, नालागढ़ से पूर्व विधायक केएल ठाकुर, इंदौरा से पूर्व विधायक मनोहर धीमान, किन्नौर से पूर्व भाजपा विधायक तेजवंत नेगी ने पार्टी के फैसले के खिलाफ चुनावी समर में उतरने का निर्णय लिया है। इन सभी नेताओं की इलाके में एक पैठ रही है और पूर्व विधायक रहने के चलते काडर पर भी प्रभाव रहा है। हालांकि देखना होगा कि अपने दम पर वे भाजपा को क्या नुकसान पहुंचा पाते हैं।

बागियों की यह लिस्ट कहीं लंबी है। फतेहपुर से पूर्व सांसद कृपाल परमार, सुंदरनगर से पूर्व मंत्री रूप सिंह ठाकुर के बेटे अभिषेक ठाकुर, बिलासपुर से सुभाष शर्मा, मंडी सदर से भाजपा नेता प्रवीण शर्मा, कुल्लू सदर से राम सिंह और नाचन से भाजपा नेता ज्ञान चंद भी बागी उम्मीदवारों की सूची में शामिल हैं। इनके अलावा भाजपा नेताओं में धर्मशाला से विपिन नेहरिया हैं, जो भाजपा के एसटी मोर्चे के प्रदेश उपाध्यक्ष रहे हैं। वहीं कांगड़ा से कुलभाष चौधरी, मनाली से महेंद्र सिंह ठाकुर, बड़सर से संजीव शर्मा, हमीरपुर से नरेश दर्जी, भोरंज से पवन कुमार और रोहडू से राजेंद्र धीरटा चुनाव लड़ेंगे। चंबा सदर से भाजपा नेता इंदिरा कपूर, हमीरपुर से आशीष शर्मा भाजपा की मुश्किलें बढ़ा सकते हैं।

बागियों का सामना कांग्रेस को भी करना पड़ रहा है, लेकिन भाजपा के मुकाबले यह संख्या काफी कम है।

पच्छाद से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गंगूराम मुसाफिर, ठियोग से पूर्व विधायक दिवंगत राकेश वर्मा की पत्नी इंदु वर्मा, पूर्व मंत्री दिवंगत जयबिहारी लाल खाची के बेटे विजय पाल खाची, सुलह से पूर्व विधायक जगजीवन पाल, चौपाल से पूर्व विधायक डॉ. सुभाष मंगलेट और आनी से परस राम निर्दलीय चुनाव मैदान में हैं। ये सभी नेता कांग्रेस से जुड़े रहे हैं, लेकिन टिकट न मिलने से खफा होकर निर्दलीय ही चुनौती दे रहे हैं।

# मोरबी की घटना पर एक्शन क्यों नहीं ले रही ईडी और सीबीआई? ममता का मोदी सरकार पर निशाना

*हादसे को लेकर गुजरात की भाजपा सरकार की आलोचना करते हुए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो ने कहा, "ईडी, सीबीआई कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे हैं? वे केवल आम लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हैं।"*

• **जालंधर ब्रीज.** कोलकाता

मोरबी पुल हादसे की घटना को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि मोरबी की घटना में शामिल अपराधियों के खिलाफ ईडी और सीबीआई एक्शन क्यों नहीं ले रही है। ममता ने कहा कि हादसे की जवाबदेही तय होनी चाहिए। मोरबी पुल हादसे को लेकर गुजरात की भाजपा सरकार की आलोचना करते हुए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो ने कहा, "ईडी, सीबीआई कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे हैं? वे केवल आम लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हैं।"



उन्होंने कहा, "जवाबदेही तय होनी चाहिए...मैं पीएम के बारे में कुछ नहीं बोलूंगी क्योंकि यह उनका राज्य है...मैं इस मुद्दे पर कुछ भी राजनीति नहीं करूंगीं।" गौरतलब है कि रविवार शाम हुए मोरबी पुल हादसे में कुल 135 लोग की जान चली गई। सीएम ममता ने कहा, "मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगी क्योंकि लोगों की जिंदगी राजनीति से ज्यादा महत्वपूर्ण है। मैं संवेदना व्यक्त करती हूँ। कई की मौत हो चुकी है और कई अब भी लापता हैं।" बंगाल सीएम ने कहा कि मोरबी की घटना की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के तहत एक न्यायिक आयोग बनाया जाना चाहिए।

### तमिलनाडु सीएम से मिलेंगी ममता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन से मिलेंगी। इस मुलाकात से पहले उन्होंने कहा, "आज मैं तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन से मिलूंगीं, वह मेरे राजनीतिक मित्र हैं। यह एक शिष्टाचार मुलाकात है। मैं चेन्नई जा रही हूं। जब भी दो राजनीतिक व्यक्ति मिलते हैं तो उससे जुड़ी बातें चर्चा में आ जाती हैं।" उन्होंने कहा, "हम सीएए के पूरी तरह खिलाफ हैं और हम सीएए का विरोध करते हैं। वे गुजरात चुनाव के कारण यह खेल खेल रहे हैं।"

# 73 किलो हेरोइन बरामदगी मामले में वांछित 3 बड़े नशा तस्कर गिरफ्तार

## मुख्यमंत्री भगवंत मान की दूरदर्शिता के अनुसार पंजाब पुलिस पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के लिए वचनबद्ध

• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़/ गुरदासपुर



मुख्यमंत्री भगवंत मान के दिशा-निर्देशों पर नशे के विरुद्ध चलाई जा रही जंग को उस समय अहम सफलता मिली जब पंजाब पुलिस ने न्हावा शेवा पोर्ट मुंबई से 72.5 किलो हेरोइन की बरामदगी के मामले में वांछित तीन बड़े नशा तस्करों को गुरदासपुर से गिरफ्तार किया। यह जानकारी आज यहाँ पंजाब के डायरैक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) गौरव यादव ने दी।

पंजाब पुलिस और ए. टी. एस. मुंबई की टीमों से तरफ से सांझा ऑपरेशन के दौरान जुलाई 2022 में टाईलों वाले कंटेनर के दरवाज़े के बार्डर में छुपा कर रखा यह नशा बरामद किया गया था। यह कंटेनर दिल्ली के एक आयातक की तरफ से मंगवाया गया था। गिरफ्तार किये गए व्यक्तियों की पहचान अमृतसर के गाँव पंडोरी के निवासी गुरविन्दर सिंह उर्फ महक (27), तरन तारन के गाँव भिक्खीविंड के निवासी गुरसेवक सिंह उर्फ सेवक (25) और अमृतसर के गाँव माहवा के निवासी मनजीत सिंह उर्फ सोनी (34) के तौर पर हुई है। गिरफ्तार किये गए तीनों व्यक्ति पंजाब में सरहद पार और अंतर- राज्यीय नशा तस्करी में सक्रियता से शामिल थे। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि विश्वसनीय जानकारी मिलने के उपरांत गुरदासपुर पुलिस ने बुधवार शाम को एक विशेष ऑपरेशन चलाया और गुरदासपुर के धारीवाल क्षेत्र में अमृतसर-जम्मू हाईवे पर एक ऐसयूवी महिंद्रा थार ( पीबी 46एएच0003) को रोक कर मुलजिमों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम ने गाड़ी की तलाशी के दौरान एक रिवाल्वर समेत 9 एमएम के 6 जिंदा कारतूस और .32 बोर के 6 जिंदा कारतूस भी बरामद किये हैं।

इससे पहले मुंबई एटीएस ने खेप मंगवाने वाले मुलजिम हरसिमरन सेठी और उसके सहायक महेन्दर सिंह राठौर, जो क्लियरिंग एजेंट के तौर पर काम कर रहा था, को दिल्ली से गिरफ्तार किया था।

डीजीपी ने कहा कि जांच के दौरान, मुंबई एटीएस ने इन तीनों गिरफ्तार व्यक्तियों गुरविन्दर सिंह, गुरसेवक सिंह और मनजीत सिंह को नामज़द किया, जोकि कंटेनर के प्राप्तकर्ता थे और वह इस सम्बन्ध में दिल्ली भी गए थे। एसएसपी गुरदासपुर दीपक हिलोरी ने बताया कि मुलजिम गुरविन्दर सिंह और मनजीत सिंह इरादातन कत्ल की कोशिश केस में अमृतसर ग्रामीण पुलिस को भी वांछित हैं, जिसमें उन्होंने अक्तूबर, 2020 में ज़िला अमृतसर ग्रामीण की पुलिस पार्टी पर गोलीबारी की थी। उन्होंने बताया कि भारतीय दंड संहिता (आइपीसी) की धाराओं 307, 353, 186 और 34 और हथियार एक्ट की धाराओं 25 और 27 के अंतर्गत अमृतसर के थाना लोपोके में इस सम्बन्धी पहले ही केस दर्ज है।

# सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा विभिन्न पदों के लिए आवेदनों की मांग, आखिरी तारीख़ 15 नवंबर

• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार नौजवानों को रोजग़ार मुहैया करवाने के लिए लगातार प्रयत्न कर रही है। इसी कड़ी के अंतर्गत सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग की तरफ से मिशन वात्सल्य के अधीन विभिन्न पद भरने के लिए आवेदनों की मांग की गई है। सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि मिशन वात्सल्य स्कीम अप्रैल 2022 से शुरू हो चुकी है। इस स्कीम का मिशन बच्चों की सुरक्षा, उनके अधिकार और सर्वपक्षीय विकास को यकीनी बनाना है।

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि आवेदक sswcd.punjab.gov.in पर अपने विवरण भर सकते हैं। इन पदों को भरने की आखिरी तारीख़ 15 नवंबर, 2022 है। पंजाब सरकार की तरफ से भर्ती नोटिस के लिए यदि भविष्य में कोई संशोधन (शोध) किया जाता है तो वह sswcd.punjab.gov.in वैबसाईट पर प्रकाशित किया जायेगा।

# जिले में अब तक इन-सीटू और एक्स-सीटू तकनीक से लगभग 2 लाख टन पराली प्रबंधन किया : डीसी

• जालंधर ब्रीज.जालंधर



डिप्टी कमिश्नर जसप्रीत सिंह ने बताया कि जिले में अब तक 70000 एकड़ क्षेत्र में इन-सीटू और एक्स-सीटू तकनीक से लगभग 2 लाख टन पराली का प्रबंधन किया जा चुका है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के अध्यक्ष एम.एम. कुट्टी और पंजाब के मुख्य सचिव वीके जंजुआ द्वारा पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए किए जा रहे प्रयास का जायज़ा लेने के लिए विडीयो कॉन्फ्रेन्स में भाग लेते हुए डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि जिले में पराली के उचित प्रबंधन के लिए इन-सीटू और एक्स-सीटू प्रबंध पर ज़ोर दिया जा रहा है, जिसके तहत 45 हजार एकड़ क्षेत्र में एक्स-सीटू के माध्यम से पराली का प्रबंधन किया गया है। जबकि 22 हजार एकड़ जमीन में किसानों ने 3 हजार एकड़ जमीन में बिना पराली जलाए मल्चर और हल की मदद से आलू और सब्जियां लगायी गयी है। उन्होंने कहा कि अब तक गांव-गांव सूचना, शिक्षा एवं संचार (आईईसी) के तहत 180 जागरूकता कैम्प का आयोजन किया गया है और ग्रामीण क्षेत्रों में पराली जलाने के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए दीवारों पर 900 पेंटिंग के साथ साथ नंबरदारो के द्वारा किसानों को जागरूक किया जा रहा है। तीन विशेष वैन व स्कूली छात्रों को शामिल कर पराली जलाने के खिलाफ जागरूकता पैदा की जा रही है। उन्होंने आगे बताया कि पराली के समुचित प्रबंधन के लिए जिले में किसानों, किसान समूहों, सहकारी समितियों, पंचायतों के पास करीब 6000 मशीनें उपलब्ध हैं, जिसकी जानकारी आई-खेत एप पर उपलब्ध कराई गई है। इसके इलावा कृषि विभाग के माध्यम से ब्लॉक स्तर पर किसानों को 5-5 लाख रुपये की विभिन्न मशीनें नि:शुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है। डीसी ने कहा कि पराली जलाने के 68 मामलों में एक लाख 70 हजार रुपये का पर्यावरणीय मुआवजा भी प्रदान किया गया है। इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण विभाग से इंजी. नवदीप सिंह ,पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के एसडीओ बचनपाल सिंह आदि उपस्थित थे।

# मोरबी पुल त्रासदी से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए पंजाब के किसानों को बदनाम कर रही है बीजेपी : आप

## पराली जलाने को लेकर 'प्रतिशोध की राजनीति' कर रही बीजेपी : मलविंदर सिंह कंग

• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़




आम आदमी पार्टी (आप) ने पराली जलाने के मामले पर पंजाब के किसानों को बदनाम करने के लिए भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की कड़ी आलोचना की और कहा कि पंजाब सरकार द्वारा मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में ठोस कदम उठाए गए हैं। इस बार पिछले वर्षों की तुलना में इन मामलों में भारी गिरावट आई है। गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए 'आप' पंजाब के मुख्य प्रवक्ता मलविंदर सिंह कंग ने कहा कि भाजपा पंजाब के किसानों को बदनाम करके और देश में बढ़ते प्रदूषण के लिए उन्हें दोषी ठहराकर गुजरात में मोरबी पुल त्रासदी से लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है।

उन्होंने कहा कि पिछले साल किसानों ने तीन कृषि कानूनों को रद्द करने के लिए केंद्र की मोदी सरकार को मजबूर कर दिया था। इसलिए भाजपा किसानों से बदला लेने के लिए प्रतिशोध की राजनीति कर रही है। हरियाणा में बीजेपी के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने भी पंजाब के किसानों पर बेबुनियाद आरोप लगाए हैं। कंग ने एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) के उत्तर भारत के आंकड़ों को पेश करते हुए कहा कि देश के 32 शहरों में पंजाब के केवल तीन शहर ही प्रदूषित हैं जबकि इस सूची में हरियाणा के 9 से अधिक शहर शामिल हैं, जो देश में किसी भी राज्य की सबसे अधिक संख्या है। बावजूद इसके भाजपा राज्य के किसानों को पर्यावरणीय खतरों के लिए दोषी ठहराकर बदनाम करने की कोशिश कर रही है।

कंग ने कहा कि भाजपा अपना रुख स्पष्ट करे कि फरीदाबाद, मानेसर, गुड़गांव, सोनीपत, ग्वालियर, इंदौर और अन्य राज्यों में जहां उनकी सरकार है,वहां सबसे खराब एक्यूआई पर उसके नेता चुप क्यों हैं। उन्होंने हरियाणा के सीएम को लोगों को यह बताने की चुनौती दी कि उन्होंने राज्य में प्रदूषण की स्थिति को सुधारने के लिए क्या किया है और पराली जलाने के मामलों से निपटने के लिए कितने किसानों को मशीनें बांटी हैं।

कंग ने कहा कि सीएम मान ने पराली न जलाने के लिए किसानों को 2500 रुपये की आर्थिक सहायता देने की पेशकश की। लेकिन केंद्र ने इस प्रस्ताव को स्वीकार करने के बजाय किसानों को किसी भी तरह की सहायता देने से साफ इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिए पंजाब के सीएम के ईमानदार प्रयासों के कारण पंजाब ने इस बार धान के तहत 31.44 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को कवर किया है, जबकि हरियाणा में केवल 13.90 लाख हेक्टेयर है, फिर भी भाजपा शासित राज्य में प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है। ऐसा इसलिए है क्योंकि मान सरकार ने 2022-23 में किसानों को 35,583 फसल अवशेष प्रबंधन मशीनें दी हैं, जो कांग्रेस सरकार द्वारा 2021-22 में वितरित की गई 13,796 मशीनों की तुलना में तीन गुना अधिक हैं।

उन्होंने कहा कि बड़ी हैरानी की बात है कि केंद्र सरकार राष्ट्रीय हरित अधिकरण (नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल) के माध्यम से किसानों के खिलाफ प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज करने के लिए अधिकारियों पर दबाव बना रही है। यह भाजपा का किसानों के प्रति दोहरा मापदंड और किसान विरोधी रवैये को उजागर करता है।

# पंजाब जूनियर अंडर-19 स्टेट व इंटर-डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन चैंपियनशिप के लिए ट्रायल 7 को

***17 से 20 नवंबर तक रायजादा हंस राज बैडमिंटन स्टेडियम जालंधर में होगी स्टेट व इंटर-डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन चैंपियनशिप***

• जालंधर ब्रीज.होशियारपुर

जिला खेल अधिकारी-कम-महासचिव जिला ओलंपिक एसोसिएशन गुरप्रीत सिंह ने बताया कि पंजाब बैडमिंटन एसोसिएशन की ओर से पंजाब जूनियर(अंडर-19) लडक़े/ लड़कियां स्टेट व इंटर-डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन चैंपियनशिप 17 नवंबर से 20 नवंबर तक रायजादा हंस राज बैडमिंटन स्टेडिमय जालंधर में करवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि इस चैंपियनशिप में जिला होशियारपुर के खिलाडिय़ों की एंट्री भेजने के लिए 7 नवंबर को सिलेक्शन ट्रायल(लडक़े/ लड़कियां) करवाने का फैसला किया गया है। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि यह ट्रायल 7 नवंबर को इंडोर स्टेडियम(बैडमिंटन हाल) होशियारपुर में होंगे। इसके लिए खिलाड़ी अपनी एंट्री पंजाब जूनियर(अंडर-19) स्टेट व इंटर-डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन चैंपियनशिप के लिए भेजना चाहते हैं, वे सभी खिलाड़ी उक्त तिथि को संबंधित ट्रायल स्थान पर सुबह 9 बजे रजिस्ट्रेशन के लिए रिपोर्ट करें। इन ट्रायलों में भाग लेने वाले खिलाडिय़ों को कोई टी.ए/डी.ए. नहीं दिया जाएगा।

# सरकारी अधिकारी व कर्मचारी रिश्व मांगे तो विजिलेंस ब्यूरो को करें सूचित

## विजिलेंस ब्यूरो होशियारपुर यूनिट ने दसूहा में करवाया जागरुकता सैमीनार

• जालंधर ब्रीज.होशियारपुर

विजिलेंस ब्यूरो होशियारपुर यूनिट की ओर से भ्रष्टाचार के विरोध में 'भ्रष्टाचार मुक्त भारत-विकसित भारत' थीम के अंतर्गत आज सहारा कांप्लेक्स दसूहा में सैमीनार आयोजित किया गया। डी.एस.पी. विजिलेंस यूनिट होशियारपुर मनीश कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस सैमीनार में ब्लाक दसूहा के अलग-अलग गांवों की पंचायतों के करीब 200 सरपंच, पंच, ब्लाक समिति सदस्य व गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। सैमीनार ने विधायक दसूहा एडवोकेट कर्मवीर सिंह घुम्मण, जगमोहन सिंह घुम्मण, एस.एम.ओ. डा. लखबीर सिंह ने विशेष मेहमान के तौर पर शिरकत की। विधायक एडवोकेट कर्मवीर सिंह घुम्मण व डा. लखबीर सिंह ने विजिलेंस के कामकाज व भ्रष्टाचार को रोकने संबंधी विषयों पर गांवों के पंचों, सरपंचों व ब्लाक समिति सदस्यों को विजिलेंस ब्यूरो की कार्यशैली की जानकारी देते हुए बताया कि यदि कोई सरकारी अधिकारी या कर्मचारी कोई सरकारी काम करने के बदले रिश्वत की मांग करता है तो इस संबंधी वे विजिलेंस ब्यूरो के पास शिकायत कर उसे रंगेहाथ गिरफ्तार करवा सकते हैं। डी.एस.पी विजिलेंस मनीश कुमार ने गांवों के पंचों, सरपंचों व ब्लाक समिति के सदस्यों को भ्रष्टाचार रोकने संबंधी जागरुक करते हुए बताया कि यदि कोई भी सरकारी अधिकारी, कर्मचारी या इनके एजेंट आम जनता का काम करने के लिए रिश्वत की मांग करता है, तो उसकी सूचना विजिलेंस विभाग को दी जाए।




सैमीनार के बाद डी.एस.पी विजिलेंस मनीश शर्मा के नेतृत्व में श्री गुरु तेग बहादुर कालेज फार वुमैन दसूहा में भी जारुरकता सैमीनार का आयोजन किया गया। इस सैमीनार में कालेज की प्रिंसिपल श्रीमती नरिंदर कौर घुम्मण, कालेज की डीन डा. रुपिंदर कौर रंधावा, समूह स्टाफ के अलावा 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सैमीनार में विशेष मेहमान के तौर पर एस.एम.ओ. डा. लखबीर सिंह ने शिरकत की। डा. लखबीर की ओर से कालेज के समूह स्टाफ व विद्यार्थियों को भ्रष्टाचार रोकने संबंधी जागरुक किया गया।

डी.एस.पी विजिलेंस मनीश कुमार ने समूह स्टाफ व विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी अपने अधिकारों का गलत प्रयोग करते हुए किसी व्यक्ति या संस्था को निजी या वित्तिय लाभ पहुंचाता है, तो यह दंडनीय अपराध है। इसके अलावा कोई सरकारी कर्मचारी अपने पद का दुरुपयोग करते हुए सरकारी फंडों में कोई घोटाला करके या चालाकी से भ्रष्टाचार करते हुए अपने पारिवारिक सदस्यों, अपने रिश्तेदारों के नाम पर कोई बेनामी जायदाद की खरीद करता है तो कोई भी व्यक्ति इस संबंधी सूचना विजिलेंस विभाग को दे सकता है।

उन्होंने कहा कि सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। इस दौरान उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति अपनी शिकायत विजिलेंस ब्यूरो के टोल फ्री नंबर 1800-1800-100, मुख्य मंत्री पंजाब की ओर से जारी किया गया एंटी क्रप्शन एक्शन लाइन नंबर 95012-00200 व वैबसाइट www.vigilancebureau.punjab.gov.in पर कर सकता है। इस मौके पर उन्होंने कालेज के विद्यार्थियों के सवालों के जवाब भी दिए।

# ऑस्ट्रेलिया को टी20 विश्व कप की मेजबानी मिलने पर दिल खुश हो गया था : कोहली

**मुंबई.** विराट कोहली ने बुधवार को यहां कहा कि जब उन्हें पता चला कि टी-20 विश्वकप ऑस्ट्रेलिया में खेला जाना है तो उनका दिल बाग बाग हो गया था। फॉर्म में वापसी करने के बाद कोहली ने विश्वकप में भी अच्छा प्रदर्शन जारी रखा है। उन्होंने चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ 82 रन की बेहतरीन पारी खेलकर अपने अभियान की शुरुआत की और बुधवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ 44 गेंदों पर 64 रन की शानदार पारी खेली।




कोहली ने बांग्लादेश के खिलाफ मैच समाप्त होने के बाद कहा, 'जैसे ही मुझे पता चला कि विश्वकप ऑस्ट्रेलिया में होना है तो मेरा दिल बाग बाग हो गया था। मैं जानता था कि अच्छे क्रिकेटिया शॉट को खेलना अहम होगा। मैं जानता था ऑस्ट्रेलिया में खेलने का अनुभव टीम के लिए बहुत फायदेमंद होगा।' कोहली ने बारिश से प्रभावित मैच में सर्वाधिक रन बनाए। भारत ने इस रोमांचक मैच में पांच रन से जीत दर्ज की। उन्होंने कहा,'आज का मैच काफी करीबी था, लेकिन उतना करीबी नहीं जितना हम पसंद करते। बल्लेबाजी में यह एक और अच्छा दिन था। जब मैं क्रीज पर उतरा तो टीम पर दबाव था। मैं गेंद को अच्छी तरह से समझ रहा था। अच्छा महसूस कर रहा था लेकिन किसी चीज की तुलना नहीं करना चाहता। जो अतीत में हुआ वह बीती बात है।'

## विराट कोहली और टी20 विश्व कप में उसका रिकॉर्ड दोनों गजब : वाटसन

विराट कोहली की बल्लेबाजी के मुरीद आस्ट्रेलिया के पूर्व हरफनमौला शेन वाटसन ने टी20 विश्व कप में उनके रिकॉर्ड को 'गजब' बताया है। कोहली अब तक इस टी20 विश्व कप में तीन अर्धशतक लगा चुके हैं और टी20 विश्व कप के इतिहास में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने महेला जयवर्धने का 1016 रन का रिकॉर्ड तोड़ा। वाटसन ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा ,'टी20 विश्व कप में 80 से ऊपर की औसत से एक हजार से अधिक रन। कमाल के आंकड़े हैं।' उन्होंने कहा ,'टी20 क्रिकेट काफी जोखिम भरा होता है। बल्लेबाजी में जोखिम लेने पड़ते हैं और उसने जबर्दस्त औसत से रन बनाकर भारत के लिये इतने मैच जीते हैं।'

# धान की खरीद अंतिम पडाव पर, अब तक 7 लाख मीट्रिक टन से अधिक की हुई खरीद

## किसानों को 1400 करोड़ से अधिक का भुगतान



• जालंधर ब्रीज.कपूरथला

कपूरथला जिले में धान खरीद अंतिम चरण में पहुंच गई है। कल तक 737176.285 मीट्रिक टन धान की सरकारी खरीद पूरी हो चुकी है, जिसके बदले में किसानों को 1443.58 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। डिप्टी कमिशनर श्री विशेष सारंगल ने कहा कि धान खरीद के निर्धारित लक्ष्य के अधीन अब तक विभिन्न खरीद एजेंसियों द्वारा 737176.285 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि जिले में 4 सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा खरीद की जा रही है, जिसमें 313,358.25 मीट्रिक टन पनग्रेन द्वारा, जबकि 204,555 मीट्रिक टन मार्कफेड द्वारा, 164,044 मीट्रिक टन पनसप द्वारा और 55,219.16 मीट्रिक टन पंजाब स्टेट वेयरहाउस कारपोरेशन द्वारा खरीदा गया है। इसके इलावा लिफ्टिंग के मामले में जिले में लगभग 685,800.123 लाख मीट्रिक टन धान उठाया जा चुका है, जो निर्धारित 72 घंटे की समय सीमा के भीतर लिफ्टिंग का 98.85 प्रतिशत है।

# जीएनडीयू अमृतसर में करवाया क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का अयोजन



• जालंधर ब्रीज.अमृतसर

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 3 नवंबर 2022 को संयुक्त सचिव, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय की अध्यक्षता में गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर में उत्तर-1 तथा उत्तर-2 क्षेत्रों में स्थित केंद्र सरकार के कार्यालयों, बैंकों एवं उपक्रमों इत्यादि के लिए संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नराकास अमृतसर की अध्यक्ष एवं मुख्य आयकर आयुक्त, अमृतसर सुश्री जहांजेब अख्तर, मुख्य आयकर आयुक्त एवं नराकास अध्यक्ष गाजियाबाद, डॉ. शुचिस्मिता पलाई, राजभाषा विभाग के निदेशक बीएल मीना तथा संयुक्त निदेशक डॉ. राकेश बी. दुबे सहित उत्तर-1 एवं उत्तर-2 क्षेत्र के विभिन्न कार्यालयों के अधिकारी शामिल हुए।

कार्यक्रम में बोलते हुए संयुक्त सचिव, राजभाषा विभाग ने बताया कि पूरे देश में स्थित केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों एवं कार्यालयों आदि में राजभाषा संबंधी प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने तथा सरकारी काम-काज में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने में राजभाषा विभाग की अहम भूमिका है। राजभाषा संबंधी संवैधानिक प्रावधानों का अनुपालन करने एवं सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए राजभाषा विभाग सतत प्रयासरत है और ये क्षेत्रीय सम्मेलन भी उसी दिशा में किए जाने वाले हमारे प्रयास हैं। उनका कहना था कि राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन की दिशा में काम करते हुए राजभाषा विभाग ने 13-14 नवंबर, 2021 को बनारस में पहला अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन आयोजित किया।

Printed, Published & Owner by ATUL SHARMA & Printed at SARANGLE PRINTERS, BASTI GUZAN JALANDHAR (PUNJAB) and Published from ATUL SHARMA, NN453 GOPAL NAGAR JALANDHAR (PUNJAB)
Editor : ATUL SHARMA*
*Responsible for selection of News under the PRB ACT. PUNHIN/2019/77863, All Rights Reserved. Reproduction in whole or in Part without permission is prohibited. All disputes shall be settled at Jalandhar jurisdiction only.